**दीपिका पादुकोण को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 'मानसिक स्वास्थ्य एम्बेसडर' किया गया नियुक्त**

*द लिव लव लाफ फाउंडेशन (LLL) की फाउंडर और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय मिलकर एक ज़्यादा मज़बूत और सहयोगी मानसिक स्वास्थ्य इकोसिस्टम बनाएंगे।*

जानी-मानी अभिनेत्री और लिव लव लाफ (LLL) फाउंडेशन की संस्थापक दीपिका पादुकोण को भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MOHFW) द्वारा देश की पहली 'राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एम्बेसडर' नियुक्त किया गया है। यह देश में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर एक सहयोगी और संवेदनशील माहौल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस अवसर पर, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, श्री जे. पी. नड्डा ने कहा, "सुश्री दीपिका पादुकोण के साथ यह साझेदारी भारत में मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं के बारे में ज़्यादा से ज़्यादा जानकारी फैलाने, भेदभाव (या शर्म) को कम करने के लिए बातचीत को आसान बनाने, और मानसिक स्वास्थ्य को जनता के स्वास्थ्य के एक ज़रूरी हिस्से के रूप में सामने लाने में मदद करेगी।"

दीपिका पादुकोण ने कहा, "भारत की पहली राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य प्रवक्ता के रूप में यह ज़िम्मेदारी निभाना मेरे लिए सम्मान की बात है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की दिशा में कई अहम कदम उठाए हैं। मैं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ मिलकर इस प्रयास को और मजबूत करने की दिशा में काम करने के लिए उत्साहित हूँ।"

इस नई भूमिका के तहत दीपिका पादुकोण मंत्रालय के साथ मिलकर काम करेंगी ताकि—

1.मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके और इससे जुड़ी सामाजिक धारणाओं को तोड़ा जा सके।

2. लोगों को ज़रूरत पड़ने पर मदद लेने और रोकथाम के उपाय अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

3. सरकार की टेलीमानस (टेली मेंटल हेल्थ असिस्टेंस एंड नेटवर्किंग एक्रॉस स्टेट्स) जैसी पहल को आगे बढ़ाया जा सके।

दीपिका पादुकोण मंत्रालय के साथ मिलकर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को समान और सुलभ बनाने के लिए अन्य रणनीतिक पहल भी तैयार करेंगी।

यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब दीपिका पादुकोण की चैरिटेबल ट्रस्ट, द लिव लव लाफ फाउंडेशन, अपने 10 वर्ष पूरे कर रही है।

पिछले एक दशक में, द लिव लव लाफ फाउंडेशन ने मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया है।

- ग्रामीण पहुँच: संस्था ने अपने रूरल कम्युनिटी मेंटल हेल्थ प्रोग्राम के ज़रिए आठ राज्यों के 15 जिलों में 21,931 से अधिक मानसिक रोगियों और उनके परिजनों तक सहायता पहुँचाई है।

- जागरूकता अभियान: संस्था ने "दोबारा पूछो" और "#NotAshamed" जैसे प्रभावी जागरूकता अभियानों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को लेकर संवाद बढ़ाया है।

- प्रशिक्षण कार्यक्रम: फाउंडेशन ने "यू आर नॉट अलोन" (किशोरों/टीनएजर्स के लिए) और "डॉक्टर्स प्रोग्राम" (जनरल फिजिशियन/सामान्य चिकित्सकों के लिए) जैसे विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के ज़रिए भी समाज में जागरूकता बढ़ाई है।

- नवीन पहल: हाल ही में, संस्था ने कॉर्पोरेट मेंटल हेल्थ एवं वेल-बीइंग प्रोग्राम भी शुरू किया है, जो कार्यक्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

**लिव लव लाफ के बारे में:**
द लिव लव लाफ फाउंडेशन (LLL) की स्थापना अभिनेत्री दीपिका पादुकोण द्वारा एक चैरिटेबल ट्रस्ट के रूप में वर्ष 2015 में की गई थी। इस संगठन का उद्देश्य उन लोगों के जीवन में आशा जगाना है जो मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं से जूझ रहे हैं। लिव लव लाफ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसकी देखभाल को अधिक सुलभ और किफायती बनाने के लिए कई तरह की पहल पर लगातार काम करता है।

**अधिक जानकारी के लिए, देखें:**
https://www.thelivelovelaughfoundation.org

**हमें फॉलो करें :**
Instagram | LinkedIn | Facebook | YouTube | X (Twitter) |

**मीडिया सम्पर्क :**
ब्रायन कारवेल्हो। डायरेक्ट-कम्यूनिकेशन्स एंड पार्टनरशिप्स

**ईमेल:** brian@thelivelovelaughfoundation.com